# BUDHA DAL PUBLIC SCHOOL PATIALA
## First Term Examination (18 September 2025)
## Subject - Hindi
## Class - VI (SET - A)

**MM: 80**

**Time: 3 hrs.**

(भाग-क) पठन

**प्र1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें:** (5)

कई बार हम हँसी के जरिए कई अनजान लोगों से भी जुड़ जाते हैं। स्कूल में जब कोई नया छात्र तुम्हें देखकर मुस्कराता है तो तुम भी उसे देखकर मुस्करा देते होगे और फिर तुम्हारी दोस्ती हो जाती होगी। देखा, कैसे एक मुसकान ने अजनबी से पहचान करा दी। यही नहीं, हँसी हमारे मन के अंदर चल रहे तनाव को भी कम करती है। हँसने से हमारे शरीर की रोग-प्रतिरोधक क्षमता मज़बूत होती है। जब हम हँसते हैं तो हमारे मस्तिष्क में सेरोटोनिन नाम का केमिकल निकलता है, जो फील गुड हार्मोन है। इसलिए हमें हँसते समय अच्छा महसूस होता है और हमारी सारी थकान दूर हो जाती है। कई बार तो हम अपने शरीर के किसी अंग में हो रहे दर्द को भी भूल जाते हैं।

क) हँसी किन लोगों से पहचान कराती है?

ख) हँसी से क्या कम होता है तथा क्या मजबूत?

ग) हमारे शरीर से कौन-सा कैमिकल निकलता है?

घ) फील गुड हार्मोन से क्या होता है?

ङ) गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

(भाग-ख) पाठ्य पुस्तक

**प्र2. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखें: (कोई 4)** (2)

1) जैविक 2) चुग्गा 3) कंठ 4) फासला 5) साकार 6) प्रगति

**प्र3. निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करें:** (4)

पर्यावरण, खाद, चकमा, प्रशिक्षण केंद्र

**प्र4.निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर एक-दो पंक्तियों में दें-**(5×1=5)

क) 'आधुनिक कूड़ेदान' पाठ में अर्जुन द्वारा बनाए कूड़ेदान में क्या विशेषता थी?

ख) 'मुक्ति की आकांक्षा' कविता में कवि ने चिड़िया को पिंजरे के बाहर की धरती के बारे में क्या बताया है?

ग) 'नई तकनीक' कविता में 'इंटरनेट का जाल फैला है' इसका क्या अर्थ है?

घ) आर्यन ने साइकिल चलाना सीखने के लिए किस की मदद ली?

ङ) 'आधुनिक कूडेदान' पाठ में अर्जुन द्वारा बनाए गए कूडेदान का क्या उद्देश्य था?

च) 'नई तकनीक का युग है आया, सपनों को साकार कर दिखाया' इसका क्या तात्पर्य है?

Scanned with OKEN Scanner

प्र5.निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दो-तीन ,पंक्तियों में दें-(3×2=6)

क) 'मुक्ति की आकांक्षा' कविता में कवि ने चिड़िया को पिंजरे में रहने के क्या फायदे बताए है?

ख) 'जब बुरा समय आता है, तो बुद्धि पहले की काम करना बंद कर देती है।' 'मैने सीखी साइकिल' पाठ के आधार पर आशय स्पष्ट कीजिए।

ग) 'अर्जुन के आधुनिक कूडेदान मजेदार 'और शिक्षाप्रद थे।' स्पष्ट कीजिए।

घ) 'नई तकनीक' कविता में किस प्रकार के आविष्कारों का उल्लेख किया गया है और इनसे हमारे जीवन पर क्या प्रभाव पड़ा है?

प्र6. निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें: (4)

प्रदर्शन के दौरान अर्जुन ने एक केले का छिलका हरे रंग के कूडेदान में फेंका, तो उसमें से आवाज़ आई "धन्यवाद! क्या आप जानते है कि मै इस छिलके को खाद में बदल सकता हूँ और पौधों के उगने में मदद कर सकता हूँ? मेरा उपयोग गीले कचरे के लिए होता है।"

इसके बाद अर्जुन ने एक प्लास्टिक की बोतल नीले रंग के कूडेदान में फेंकी, तो उसने घोषित किया, "धन्यवाद! प्लास्टिक की बोतल को रीसाइक्लिंग करके नए उत्पाद बनाने में मदद करते है! मेरा उपयोग सूखे कचरे के लिए किया जाता है।"

अंत में अर्जुन ने एक सिरिंज को सावधानीपूर्वक लाल रंग के कुडेदान में गिराया, तो उसने भी "धन्यवाद!" कहकर आभार प्रकट करते हुए घोषणा की, "मै संक्रमित चीजों के लिए बना हूँ जिन्हें सावधानी से निपटाना चाहिए। इस प्रकार अर्जुन ने गांधी जी के सपने को नई रोशनी देने का प्रयास किया।

1) पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए हमें कचरा कहाँ फेंकना चाहिए?
   क) घर के बाहर ख) कूडेदान में ग) कहीं भी घ) पड़ोसी के घर के बाहर

2) फल और सब्जियों के छिलकों से बनी खाद का प्रयोग कहाँ किया जाता है?
   क) नदी में ख) खाना पकाने में ग) पेड-पौधों में घ) इनमें से कोई नहीं

3) गांधी जी ने क्या सपना देखा था?
   क) स्वच्छ भारत का ख) स्वच्छ घर का ग) स्वच्छ नगर का घ) स्वच्छ गाँव का

4) नीले रंग के कूडेदान का उपयोग कौन-से कचरे के लिए किया जाता है?
   क) गीले कचरे के लिए ख) संक्रमित चीजों के लिए
   ग) (क) और (ख) दोनों ग) सूखे कचरे के लिए

## (भाग-ग) व्यावहारिक व्याकरण

प्र7क) निम्नलिखित शब्दों का सही मिलान करके दोबारा लिखें: (2)

| | |
|---|---|
| क) स्वर | 1) ड़ एवं ढ़ |
| ख) पत्र, अखबार | 2) 14 सितंबर |
| ग) हिंदी दिवस | 3) भाषा के लिखित रूप |
| घ) अन्य वर्ण | 4) इन्हें बोलने में अन्य वर्णो की मदद नहीं ली जाती है। |

A-2

Scanned with OKEN Scanner

ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- (2)

1) भाषा के लिखने के ढंग को क्या कहा जाता है?

2) क्+ष्+अ के मेल से कौन-सा संयुक्त व्यंजन बनता है?

ग) निम्नलिखित बहुवैकल्पिक प्रश्नों के उत्तरस्वरूप सही विकल्प छाँटिए:- (2)

1) भाषा क्या है?

क) लिखने का साधन ख) बोलने का साधन

ग) भावों और विचारों के आदान-प्रदान का साधन घ) एक मनोभाव

2) हिंदी वर्णमाला में कितने वर्ण है?

क) 52 ख) 42 ग) 48 घ) 50

प्र8. निम्नलिखित वाक्यों में कोष्टक () में दिए गए शब्दों के लिंग बदल कर वाक्य को दुबारा लिखिए :- (2)

क) मैने (भिखारी) की मदद की।

ख) कक्षा में (छात्र) बैठा है।

प्र9. निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलकर लिखिए: (3)

वस्तु, राखी, कथा, किताब, गमला, अच्छाई

प्र10. निम्नलिखित रेखांकित शब्दों का सर्वनाम भेद बताएँ: (3)

क) <u>जो</u> बच्चे आलसी होते हैं, <u>वे</u> सफल नहीं हो पाते।

ख) उसका नाम <u>क्या</u> है?

ग) <u>यह</u> मेरी घड़ी है।

प्र11. निम्नलिखित रेखांकित विशेषण शब्दों का भेद बताएँ: (3)

क) मै <u>छठी</u> कक्षा में पढ़ता हूँ। ख) <u>इन</u> खेलों से शरीर स्वस्थ रहता है।

ग) अमन <u>डरपोक</u> लड़का है।

प्र12क) संधि करें: (2+1)

क) छात्र + आवास ख) नदी + ईश ग) वधू + उत्सव घ) सखी + इच्छा

ख) संधि विच्छेद कीजिए - महाशय

प्र13. निम्नलिखित समस्तपदों का समास विग्रह कीजिए: (3)

क) राजा-रानी ख) सुख-दुख ग) राधेश्याम

प्र14क) निम्नलिखित उपसर्ग लगाकर दो-दो शब्द बनाइए: (कोई 2) (2+1)

हम, कम, बे

ख) 'चिरपरिचित' शब्द से उपसर्ग व मूल शब्द अलग-अलग करके लिखिए।

प्र15. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखें: (कोई 3) (3)

असुर, कपड़ा, नया, पहाड़



Scanned with OKEN Scanner

प्र16. निम्नलिखित अशुद्ध शब्दों को शुद्ध करके दोबारा लिखिए: (3)

राञ्री, दयालू, त्यौहार, रामायन, भिकारी, रिण

प्र17क) निम्नलिखित वाक्यों में उचित विराम चिह्न का प्रयोग करके वाक्य दोबारा लिखिए:(2+2)

1) मैने उत्तर दिया मुझे भी सुबह की सैर बेहद पसंद है

2) आजकल लोग सेहत का ध्यान क्यों नहीं रखते है

ख)1.(-) इस विराम चिह्न को क्या कहते है? सही विकल्प चुनिए:

1) अल्प विराम 2) पूर्ण विराम 3) योजक चिह्न 4) उद्धरण चिह्न

2. (।) इस विराम चिह्न को क्या कहते है? सही विकल्प चुनिए:

1) योजक चिह्न 2) उद्धरण चिह्न 3) अल्प विराम 4) पूर्ण विराम

प्र18क) निम्नलिखि मुहावरों के अर्थ स्पष्ट करते हुए वाक्य बनाओ: (कोई 2) (2)

ईद का चाँद होना, आग बबूला होना, आकाश छूना

ख) निम्नलिखित मुहावरों को उनके अर्थ से मिलाइए: (2)

| | |
|---|---|
| क) उल्लू बनाना | 1) बहुत प्यारा होना |
| ख) अंग-अंग मुसकाना | 2) बहुत मेहनती होना |
| ग) आँखों का तारा होना | 3) मूर्ख बनाना |
| घ) कोल्हू का बैल होना | 4) बहुत खुश होना |

## (खण्ड-घ) लेखन

प्र19. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखें: (5)

मम्मी के हाथ का खाना अथवा राष्ट्रीय ध्वज


प्र20. किसी एक विषय पर अनौपचारिक पत्र लिखें। (5)

आपको हिंदी कविता प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। इस खुशखबरी को सुनाते हुए अपनी माता जी को पत्र लिखिए।

अथवा

अपने मित्र को पत्र लिखिए, जिसमें उसे जल्दी उठने के लाभ बताते हुए देर तक न सोने की सलाह दी गई हो।

प्र21. निम्नलिखित चित्र को देखकर 6-7 पंक्तियों में वर्णन कीजिए। (4)



A-4